

# बॉर्डर 2 का 'घर कब आओगे' गीत रिलीज, गायकों ने जीता दिल

**मुंबई।** फैंस का इंतजार खत्म हुआ और 'बॉर्डर 2' का मच अवेटेड गाना 'घर कब आओगे'शुक्रवार को रिलीज हो गया है। 'घर कब आओगे' फिल्म बॉर्डर के लोकप्रिय गीत 'संदेसे आते हैं'का री-क्रिएटेड वर्जन है। जिसे उसी धुन के साथ नए अंदाज और लिरिक्स में पेश किया गया है। जावेद अख्तर द्वारा लिखित और अनु मलिक के संगीत से सजे 'संदेसे आते हैं'के इस नए वर्जन को मनोज मुंतशिर ने लिखा है। जबकि संगीत मिथुन का है। पिछली बार इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था। लेकिन, इस बारे गाने में दो नहीं, बल्कि चार गायकों की आवाज है। इस बारे गाने को सोनू निगम के साथ अरिजीत सिंह, दिलजीत दोसांझ और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। इन चारों की आवाज में इस गाने को सुनकर फैंस उत्साहित हैं। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। जबकि मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा भी फिल्म में अहम किरदारों में दिखाई देंगे।

## लाइफ Style

# कृति नहीं लेती बॉक्स ऑफिस नंबर्स का दबाव

कृति सेनन अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' को लेकर चर्चाओं में हैं। 'तेरे इश्क में'की सफलता के बाद अब 'कॉकटेल 2' पर भी अच्छे प्रदर्शन का दबाव है। कृति सेनन बॉलीवुड में अपने करियर के 11 साल पूरे कर चुकी हैं। इन 11 साल में कृति कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। साथ ही उन्होंने कई हिट फिल्में भी दी हैं। उनकी आखिरी रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। वहीं फिल्म में उनके अभिनय की भी काफी तारीफ हुई।

एजेंसी ⏭ मुंबई

कृति नए साल में अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ प्रवेश कर रही हैं। यह उनकी 20वीं फिल्म भी है। इस मौके पर कृति ने 'कॉकटेल 2' को लेकर बात की और साथ ही बताया कि क्या फिल्मों की सफलता उनके ऊपर दबाव डालती है या नहीं। कृति ने बॉक्स ऑफिस नंबर के प्रेशर के बारे में बात की। एक फिल्म की सफलता क्या दूसरी फिल्म के बॉक्स ऑफिस नंबर के आंकड़ों को लेकर दबाव बनाती है? अभिनेत्री ने कहा कि वो अपने ऊपर किसी भी तरह का दबाव नहीं लेती है। हर फिल्म अलग होती है, आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि हर फिल्म एक ही तरह के दर्शकों को आकर्षित करेगी। कॉकटेल 2 के दर्शक, तेरे इश्क में से बिल्कुल अलग हैं। आप बस कड़ी मेहनत और पूरी ईमानदारी से काम कर सकते हैं। आपको हर फिल्म में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है। इसके अलावा बाकी सब हमारे हाथ में नहीं है, क्योंकि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की सफलता को प्रभावित करने वाले कई और कारण भी होते हैं। इसलिए मैं वह दबाव नहीं लेना चाहती। मैं अपने फिल्म निर्माताओं पर भी वह दबाव नहीं डालती। बल्कि, मैं बस इस प्रक्रिया का आनंद लेती हूं। मैं उत्साहित हूं। इससे पहले एक इंटरव्यू में बात करते हुए कृति ने कॉकटेल 2 के बारे में बताया था कि 'कॉकटेल 2 बिल्कुल सही समय पर बनी। मुझे इसकी बहुत चाह थी।



## हॉलीवुड मसाला



# पिता बनने का साझा किया अनुभव

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के 'लोकी' के नाम से दुनियाभर में पहचान बना चुके टॉम हिडलस्टन एक बार फिर पिता बन गए हैं। नए साल की शुरुआत उनके लिए बेहद खास रही। टॉम हिडलस्टन और उनकी पार्टनर और अभिनेत्री जावे एश्टन ने अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया है। टॉम हिडलस्टन ने पिता बनने के एहसास को शब्दों में बयां करते हुए कहा कि यह अनुभव ऐसा है, जिसे महसूस किए बिना समझा नहीं जा सकता। उनके मुताबिक, यह पल न सिर्फ भावनात्मक है, बल्कि इंसान की पूरी सोच और जिंदगी को नई दिशा दे देता है। हालांकि, कपल ने अपने बच्चे के नाम और जेंडर को लेकर फिलहाल कोई जानकारी साझा नहीं की है। दोनों हमेशा से अपनी निजी जिंदगी को लाइमलाइट से दूर रखने के लिए जाने जाते रहे हैं।



# ओशन्स 11 गैंग की 19 साल बाद वापसी

**लॉस एंजिल्स।** 'ओशन्स' फिल्म फ्रेंचाइजी के फैंस के लिए खुशखबरी है। जॉर्ज क्लूनी ने खुलासा किया है कि वह सीरीज की चौथी फिल्म की तैयारी में हैं। एक बार फिर से ब्रैड पिट, मैट डेमन और जूलिया रॉबर्ट्स संग बाकी टीम लौटेगी। उन्होंने फिल्म के प्लॉट को लेकर भी हिंट दिया है। जॉर्ज क्लूनी, ब्रैड पिट, मैट डेमन, जूलिया रॉबर्ट्स जैसे दिग्गज सितारों से सजी 'ओशन सीरीज' की तीनों फिल्में आज करीब दो दशक बाद भी दर्शकों की फेवरेट हैं। साल 2001 में आई 'ओशन्स 11', 2004 में रिलीज ओशन्स 12 और 2007 में आई ओशन्स 13', वो फिल्में साबित हुईं, जिन्होंने बड़े पर्दे हाइस्ट जॉनर को पॉपुलर बनाया। इन फिल्मों का असर सिर्फ हॉलीवुड में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में हुआ। आज भी दुनिया के किसी कोने में 'हाइस्ट' यानी लूट पर कोई फिल्म या सीरीज बनती है, तो उसमें 'ओशन सीरीज' का असर दिखता है। खुशखबरी यह है कि अब सुपरस्टार्स की फौज और शानदार चोरियों का दौर फिर से लौट रहा है। जी हां, फिल्म में लुटेरों की टीम के लीडर डैनी ओशन का किरदार निभाने वाले जॉर्ज क्लूनी ने इस ओर इशारा किया है।



# अक्षय के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करेंगी रानी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड' की नई फिल्म को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षय पहली बार रानी मुखर्जी के साथ काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड की चर्चित फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड'एक बार फिर बड़े स्तर पर वापसी करने की तैयारी में है। फ्रेंचाइजी की नई फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही उत्सुकता बनी हुई थी और अब इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार के साथ रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। अगर यह खबर पुख्ता होती है, तो यह दोनों कलाकारों की पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी होगी, जिसे लेकर फिल्म इंडस्ट्री में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि 'ओह माई गॉड' इस समय प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और फिल्म की शूटिंग 2026 के मई से शुरू होने की योजना है।



# 40 की उम्र में फिर प्यार में पड़ीं कीर्ति

**मुंबई।** नए साल के मौके पर 1 जनवरी की देर रात कीर्ति कुल्हारी ने अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए अपने रिलेशनशिप को ओपेन किया है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील शेयर की है, जिसमें कई अलग-अलग फोटोज हैं। इन फोटोज में कीर्ति कुल्हारी अभिनेता राजीव सिद्धार्थ के साथ नजर आ रही हैं। इस रील में राजीव और कीर्ति की कई रोमांटिक तस्वीरें भी हैं। इस रील के साथ ही कीर्ति ने राजीव सिद्धार्थ के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक कर दिया है। कीर्ति ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होती है। सभी को 2026 मुबारक हो।'आजकल किसी भी रिलेशनशिप के सामने आते ही पार्टनर्स के बीच उम्र का फासला जानने के लिए भी फैंस उत्साहित रहते हैं। इसी तरह राजीव सिद्धार्थ और कीर्ति कुल्हारी के बीच के उम्र के फासले को लेकर भी फैंस उत्साहित हैं।

## टीवी मसाला



# शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 में दिखेंगे नए आइडियाज

**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे पर मचअवेटेड स्टार्टअप्स शो 'शार्क टैंक इंडिया' सीजन 5 एक बार फिर सोनी टीवी पर वापसी कर रहा है। शो से जुड़े कई प्रोमो सामने आए हैं, जिसमें नए उद्यमियों को अपना आइडिया जजों के सामने पेश करते हुए दिखाया गया है। शो का पहला सीजन साल 2021 में आया था, जिसमें 700 से ज्यादा नई डील्स को लॉक किया गया था, लेकिन अब पांचवें सीजन के साथ 6 नए जज और नए आइडिया शो में दिखने वाले हैं। ये शार्क्स न सिर्फ स्टार्टअप्स में निवेश करेंगे, बल्कि उद्यमियों को मेंटरशिप और स्ट्रैटेजिक गाइडेंस भी देंगे। सीजन 5 का प्रीमियर 5 जनवरी को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर होगा और इसे सोनी लिव ऐप पर स्ट्रीम किया जा सकेगा। शो का फॉर्मेट वही रहेगा। जहां कई राउंड्स की स्क्रीनिंग के बाद चुनिंदा स्टार्टअप्स को शार्क्स के सामने पिच करने का मौका मिलेगा। सीजन पांच में पुराने जज विराज बहल, कुणाल बहल, अमित जैन, रितेश अग्रवाल, पीयूष बंसल, नमिता थापर, अमन गुप्ता, विनिता सिंह और अनुपम मित्तल भी दिखेंगे. इनके साथ शैली मेहरोत्रा (सीईओ, फिक्सडर्मा इंडिया), हार्दिक कोठिया (रेजॉन सोलर के संस्थापक और प्रबंध निदेशक), मोहित यादव (मिनिमलिस्ट के सह-संस्थापक) वरुण अलघ (होनासा कंज्यूमर लिमिटेड के सीईओ और सह-संस्थापक), कनिका टेकरीवाल (जेटसेटगो एविएशन की संस्थापक) और प्रथम मित्तल (मास्टर्स यूनियन और टेट्रा के संस्थापक) 'शार्क टैंक इंडिया' के नए शार्क्स होंगे।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा अव्वल

**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत में यानी शुक्रवार को 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट जारी की गई। पिछले साल जुलाई महीने में स्मृति ईरानी स्टारर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने टीवी पर पच्चीस साल बाद वापसी की। यह सीरियल पहले हफ्ते से ही टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में जगह बनाने में कामयाब रहा, साथ ही इसने बचे हुए साल में भी टॉप 5 में अपने लिए जगह बनाए रखी। 51वें हफ्ते में यह सीरियल अव्वल रहा, इसे 2.2 की टीआरपी मिली है। इसकी वजह है कि सीरियल में इन दिनों बहुत ट्विस्ट आ रहे हैं। लीड कैरेक्टर तुलसी और मिहिर एक-दूसरे से दूर हो चुके हैं। 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में रुपाली गांगुली के सीरियल 'अनुपमा'को दूसरा स्थान मिला है। इसकी टीआरपी 2.1 रही है। जबकि पिछले साल यह सीरियल हर हफ्ते टॉप पर बना रहा, कभी-कभी ही ऐसा हुआ कि यह खिसककर नीचे आया हो। साल के आखिरी हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में कई और सीरियल्स ने जगह बनाई है। इसमें उड़ने की आशा और तुम से तुम तक को 1.9 की टीआरपी मिली है। यह सीरियल एक-दूसरे को टक्कर दे रहे हैं।



# द्रौपदी 2 दिखाएगी दक्षिण भारत के 14वीं सदी का इतिहास

**मुंबई।** 'द्रौपदी 2' को सेंसर बोर्ड से यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है। यह फिल्म दक्षिण भारत के 14वीं सदी के इतिहास को दिखाएगी। ऑरिजनली तमिल में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 23 जनवरी को रिलीज होनी है। इसी दिन सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ स्टारर 'बॉर्डर 2' भी रिलीज होगी। तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में ऐतिहासिक विषयों पर बनने वाली फिल्मों में हमेशा से दर्शकों की खास दिलचस्पी मिलती रही है। जब ऐसी फिल्मों में इतिहास, वीरता, संस्कृति और सामाजिक संघर्ष की झलक मिलती है, तो दर्शक उनसे खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। 'द्रौपदी 2' 14वीं सदी के उस दौर को दिखाएगी, जिसे इतिहास का एक अंधकारमय और उथल-पुथल भरा समय माना जाता है।' यह फिल्म दक्षिण भारत के इतिहास को बड़े पर्दे पर जीवंत रूप में पेश करेगी और इसी महीने सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले खबर थी कि फिल्म निर्माता इसे 23 जनवरी 2026 को रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सेंसर सर्टिफिकेट मिलने के बाद लगभग तय माना जा रहा है कि फिल्म जल्द ही दर्शकों के सामने होगी। 'द्रौपदी 2' का निर्माण चोला चक्रवर्ती ने नेटाजी प्रोडक्शन्स के बैनर तले किया है। फिल्म को लेकर दर्शकों और फिल्म इंडस्ट्री के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है।



# बैंड बाजा बारात फिर से हो रही रिलीज



**मुंबई।** इन दिनों री-रिलीज फिल्मों का ट्रेंड जोर पकड़ रहा है और अब इस कड़ी में रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की सुपरहिट रोमांटिक फिल्म 'बैंड बाजा बारात'का नाम भी जुड़ गया है। ये फिल्म एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सिनेमाघरों में लौट रही है। इस फिल्म ने न सिर्फ रणवीर सिंह को बॉलीवुड में पहचान दिलाई थी, बल्कि अनुष्का के साथ उनकी जोड़ी को भी काफी पसंद किया गया था। साल 2010 में रिलीज हुई यह फिल्म अब करीब 16 साल बाद फिर से थिएटर्स में दिखाई जाएगी। मेकर्स ने इसकी री-रिलीज डेट 16 जनवरी 2026 तय की है। इस खबर के सामने आते ही फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर उन दर्शकों के लिए यह एक खास मौका है, जिन्होंने पहली बार इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखा था या जो नई पीढ़ी के दर्शक हैं।'बैंड बाजा बारात' की कहानी दो युवा और महत्वाकांक्षी लोगों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दिल्ली की चकाचौंध भरी शादी इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने निकलते हैं। फिल्म में दोस्ती, प्यार, महत्वाकांक्षा और टकराव को बेहद हल्के-फुल्के लेकिन असरदार तरीके से दिखाया गया है। यही वजह है कि फिल्म आज भी दर्शकों को उतनी ही ताजा लगती है, जितनी अपनी पहली रिलीज के समय लगी थी। रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की जोड़ी को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री, डायलॉग्स और किरदारों की सादगी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था।

# महाकाली में शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे अक्षय



**मुंबई।** धुरंधर में रहमान डकैत की भूमिका से चर्चाएं बटोरने वाले अक्षय खन्ना इन दिनों आरोपों को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, इस बीच अक्षय खन्ना की अगली फिल्म महाकाली से उनकी बीटीएस तस्वीर सामने आई है। इनमें अक्षय खन्ना भी नजर आ रहे हैं। पूजा कोल्लुरु ने जो तस्वीरें साझा की हैं, उनमें 'महाकाली'के सेट से अक्षय खन्ना के साथ एक सेल्फी भी शामिल है। इसके अलावा पूजा ने 2025 के अपने सफर की कई और तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें सेट की भी कुछ और तस्वीरें हैं। महाकाली से अक्षय खन्ना तेलुगु सिनेमा में अपना डेब्यू कर रहे हैं। महाकाली प्रशांत वर्मा सिनेमाटिक यूनिवर्स की अगली कड़ी है। फिल्म में अक्षय खन्ना गुरु शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक सामने आया था, जिसमें उन्हें पहचानना बिल्कुल मुश्किल हो रहा था। इस लुक के सामने आने के बाद से ही फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। महाकाली में भूमि शेट्टी महाकाली के मुख्य किरदार में नजर आएंगी। अक्षय खन्ना के शामिल होने से फिल्म की और भी चर्चा हो रही है। आदित्य धर द्वारा निर्देशित धुरंधर में अक्षय खन्ना ने बलोच नेता और अंडरवर्ल्ड डॉन रहमान डकैत की भूमिका निभाई है। इस किरदार में अभिनय के लिए अक्षय खन्ना की जमकर प्रशंसा हो रही है। सबसे ज्यादा वायरल उनका डांस स्टेप हुआ है, जिसे लोग काफी कॉपी कर रहे हैं।

## कोर्टरूम ड्रामा से लेकर एक्शन और रोमांस तक

# इस वीकेंड घर बैठकर देखिए अलग-अलग प्रकार की फिल्में और सीरीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नए साल का आगाज हो चुका है। नए साल के पहले दिन सिनेमाघरों में अगस्त्य नंदा की 'इक्कीस' रिलीज हुई है। इसे दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं, दूसरी ओर नए साल के पहले हफ्ते में ओटीटी पर भी कई फिल्में व सीरीज आ रहे हैं और कुछ आ चुके हैं। जिन्हें आप घर बैठे ही देख सकते हैं और नए साल का आनंद ले सकते हैं।

### हक

इमरान हाशमी और यामी गौतम की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'हक' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। फिल्म आज यानी 2 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। शाह बानो केस पर आधारित 'हक' को क्रिटिक्स ने सराहा था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।

### ब्यूटी

तेलुगु रोमांटिक थ्रिलर 'ब्यूटी' एक लड़की के प्रेम में पड़ने के बाद अपने घर से भाग जाने और माता-पिता के उसे ढूंढने की कहानी है। इमोशनल पारिवारिक ड्रामा और शॉकिंग ट्विस्ट से भरी यह फिल्म 2 जनवरी से ओटीटी के प्लेटफॉर्म जी5 पर मौजूद है।



### रन अवे

ब्रिटिश थ्रिलर वेब सीरीज 'रन अवे' भी 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसमें जेम्स नेसबिट, एली डी लैंग, रुथ जोनस और अल्फ्रेड एनोच समेत कई कलाकार दिखाई देंगे।

### कुमकी 2

तमिल फिल्म 'कुमकी 2' शनिवार 3 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर मौजूद रहेगी। इस फिल्म की कहानी भूमि और उसके हाथी नीला के बीच गहरे बॉन्ड पर आधारित है। बचपन में भूमि की मां द्वारा चुपके से हाथी को बेच दिए जाने के बाद, बड़े होकर भूमि अपने साथी को खोजने के लिए एक मिशन पर निकल पड़ता है।



### स्ट्रेंजर थिंग्स 5 फाइनल एपिसोड

नेटफ्लिक्स की सबसे लोकप्रिय सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के पांचवे सीजन का आखिरी एपिसोड भी आ चुका है। 1 जनवरी से यह फाइनल एपिसोड नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रहा है।

### एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट

क्रिकेट पर आधारित स्पोर्ट ड्रामा सीरीज 'एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट' रंगन की कहानी है, जो एक होनहार खिलाड़ी रह चुका है। लेकिन, कॅरियर में ज्यादा सफलता न मिलने पर अब कोच बन गया है। सीरीज आत्मसम्मान के लिए रंगन के संघर्ष और खिलाड़ियों के इमोशनल संघर्षों को दिखाती है। यह सीरीज 1 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम कर रही है।

### लव फ्रॉम 9 टू 5

ऑफिस रोमांटिक-कॉमेडी सीरीज 'लव फ्रॉम 9 टू 5' 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इस सीरीज में ऑफिस पॉलिटिक्स से लेकर सहकर्मियों के बीच के रिलेशन तक को दिखाया गया है।

### माई कोरियन बॉयफ्रेंड

'माई कोरियन बॉयफ्रेंड' एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज है, जो 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रही है। सियोल में 22 दिनों में फिल्माई गई यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज, प्यार के अलग-अलग पड़ावों पर हर जोड़े की कहानी बयां करती है।

## खबर संक्षेप

### संभाग स्तरीय शैक्षणिक भ्रमण

**बैकुण्ठपुर**। जब अवसर मिलता है, तो प्रतिभा पहचान बनाती है। इसी भाव को साकार करता हुआ राष्टीय आविष्कार अभियान कोरिया जिले के होनहार विद्यार्थियों के लिए एक यादगार अनुभव बन गया। राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा संचालित इस अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में विज्ञान विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्राइमरी एवं सेकेंडरी स्तर के 100 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का संभाग स्तरीय शैक्षणिक भ्रमण उत्साह और ज्ञान से परिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। विद्यार्थियों ने आकाशवाणी केन्द्र अंबिकापुर में रेडियो प्रसारण की दुनिया को नजदीक से देखा, जहां शब्द तरंगों में बदलते हैं और विचार जन-जन तक पहुंचते हैं। गीत रिकॉर्डिंग की प्रक्रिया को देखकर बच्चों के चेहरों पर कौतूहल और आत्मविश्वास की चमक साफ दिखाई दी। भोजन ग्रहण करने पश्चात बच्चे कृषि विज्ञान केन्द्र अंबिकापुर में आधुनिक कृषि, पशुपालन, मछली पालन, मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन एवं बागवानी की वैज्ञानिक तकनीकों से परिचय हुआ। यहां विद्यार्थियों ने जाना कि विज्ञान केवल किताबों में नहीं, बल्कि खेतों, प्रयोगशालाओं और जीवन के हर क्षेत्र में मौजूद है। इस शैक्षणिक भ्रमण ने विद्यार्थियों के भीतर वैज्ञानिक सोच, नवाचार और आत्मनिर्भर भारत के प्रति जागरूकता को मजबूत किया। यह यात्रा बच्चों के लिए केवल एक भ्रमण नहीं, बल्कि उनके भविष्य के सपनों को दिशा देने वाला प्रेरक अनुभव बन गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय, सहायक संचालक जितेन्द्र गुप्ता, जिला मिशन समन्वयक संजय सिंह एवं जिला नोडल अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे अवसर बच्चों को अपने लक्ष्य पहचानने की शक्ति देते हैं।

### ठंड से बचाने लायंस ने जरूरतमंद लोगों को बांटे कंबल



**अम्बिकापुर**। लायंस क्लब द्वारा 31 दिसंबर की रात्रि नववर्ष के आगमन पर ठंड से ठिठुरते हुए लोगों को रात्रि 11 बजे से कंबल ओढ़ाने का कार्य इस वर्ष भी किया गया। क्लब के सदस्यों द्वारा परस्पर एकत्रित किये गए कंबल गुरू नानक चौक, स्कूल रोड, देवीगंज रोड, सदर रोड, विवेकानंद चौक, स्टेडियम के पास और गांधी चौक में ठंड से ठिठुरते हुए लोगों को ओढाये गये। जिसमें सबसे अधिक स्टेडियम के पास ठंड से ठिठुरते लोग पाये गये। नव वर्ष के आगमन पर सभी सदस्यों द्वारा परस्पर बधाई देकर मिष्ठान वितरीत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व गवर्नर डॉ.जीडी सिंह, अध्यक्ष डॉ.यशवर्धन सिंह, सचिव अनुज प्रसाद सिंह, पीके गोयल, एलपी गुप्ता, सुमन सिंह, नीरज अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, डॉ.नीतू सिंह, संदीप सिंह, दिव्या सिंह, अनिल शुक्ला, केके सिंघल, बिजेन्द्र पाठक आदि सदस्य उपस्थित थे।

## शिव मंदिर परिसर में करा रहा भव्य गणेश मंदिर का निर्माण

# पिता के सपने को साकार करने के प्रयास में जुटा युवा ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

### मंदिर निर्माण प्रगति पर, 2026 में प्राण प्रतिष्ठा की है संभावना



निर्माणाधीन गणेश मंदिर।

भगवान की तरह किसी को दर्जा मिला है तो वह माता पिता है और भगवान की तरह श्रद्धा भाव से उनकी सेवा और उनकी हर इच्छा को पूरा करना हर संतान का कर्तव्य है। कुछ इसी सोच के साथ युवा ठेकेदार ने पिता द्वारा देखे गए सपने को पूरा करने न सिर्फ ठान लिया बल्कि पिता के इच्छा अनुसार शिव मंदिर परिसर में भगवान गणेश की मंदिर का निर्माण शुरू कर दिया। समाजसेवी एवं ठेकेदार के पिता की इच्छा थी कि शिव मंदिर में भगवान गणेश की मंदिर बने और श्रद्धालु शिव के साथ भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर सके। मंदिर निर्माण का प्रगति पर है और 2026 में मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा संभावना है।

नगर के वार्ड क्रमांक 12 निवासी युवा ठेकेदार एवं समाजसेवी अंकित गुप्ता द्वारा शिव मंदिर परिसर में भगवान गणेश के भव्य मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। यह निर्माण कार्य पूरे उत्साह और तेजी के साथ चल रहा है। स्थानीय नागरिकों में इस धार्मिक कार्य को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा वर्ष 2026 में कराए जाने की संभावना जताई जा रही है। युवा ठेकेदार अंकित गुप्ता सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने बताया कि यह मंदिर निर्माण उनके पिता स्वर्गीय महेंद्र गुप्ता के सपने को साकार करने का प्रयास है। उनके पिता की इच्छा थी कि शिव मंदिर परिसर में भगवान गणेश का एक सुंदर एवं व्यवस्थित मंदिर बने, जहां श्रद्धालु विधिवत पूजा-अर्चना कर सकें। पिता के इसी सपने को पूरा करने के उद्देश्य से उन्होंने गणेश भगवान के मंदिर निर्माण का संकल्प लिया।

अंकित गुप्ता ने बताया कि मंदिर निर्माण में गुणवत्ता और मजबूती का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। निर्माण सामग्री से लेकर वास्तु और डिजाइन तक हर पहलू पर विशेषज्ञों की सलाह ली जा रही है, ताकि मंदिर दीर्घकाल सुरक्षित और आकर्षक बना रहे। उन्होंने कहा कि यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि श्रद्धा, आस्था और सामाजिक एकता का केंद्र बनेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि गणेश मंदिर के निर्माण से शिव मंदिर परिसर की शोभा और भी बढ़ जाएगी।

### भव्य रूप से होगा प्राण प्रतिष्ठा

अंकित गुप्ता ने बताया कि मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद विधिवत पूजा-पाठ, हवन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वर्ष 2026 में भव्य रूप से प्राण-प्रतिष्ठा समारोह आयोजित करने की योजना है, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

### लोग कर रहे सराहना

युवा ठेकेदार द्वारा पिता की इच्छा के अनुसार शिव मंदिर परिसर में भगवान गणेश मंदिर निर्माण की सराहना कर रहे है। नगर वासियों ने इस पुनीत कार्य के लिए अंकित गुप्ता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं तथा नई पीढ़ी को भी सेवा और श्रद्धा की प्रेरणा देते हैं।

भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और शुभ कार्यों का आरंभ करने वाला देव माना जाता है, ऐसे में मंदिर निर्माण से क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।



## कबड्डी स्पर्धा में कतकालो की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-2 के तहत रामपुर हायर सेकेंडरी विद्यालय मैदान में दो दिवसीय जिला पंचायत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 30 एवं 31 दिसंबर को संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में कुल 35 पंचायतों के लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। दोनों श्रेणियों में कतकालो की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया जबकि बालक वर्ग में केशवपुर व बालिका वर्ग में रामपुर की टीम को उपविजेता रही।

■ बालक वर्ग में केशवपुर व बालिका वर्ग में रामपुर उपविजेता घोषित

प्रतियोगिता में जिला पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत सभी हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ग्रामीण अंचल में खेल भावना विकसित करने के उद्देश्य से जिपं सदस्य पायल सिंह तोमर की पहल पर आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष तथा जिला कबड्डी संघ सरगुजा के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर व वरिष्ठ पार्षद आलोक दुबे ने किया जबकि समापन में जिपं उपाध्यक्ष देव नारायण यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विजेता टीम को 7 हजार रुपए नगद, शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, जबकि उपविजेता टीम को साढ़े तीन हजार रुपए नगद, शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को कबड्डी ड्रेस भेंट की गई। साथ ही रामपुर स्कूल के बच्चों को क्रिकेट किट, फुटबॉल एवं वॉलीबॉल भी प्रदान किए गए। इस दौरान भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह सेंगर, रामकेश्वर राजवाड़े, विकास शुक्ला चंदन, अंशुल श्रीवास्तव, पन्नालाल राजवाड़े, मनीष दुबे, संजय राजवाड़े, दीपक यादव, सुरेश मलिक, अभिनंदन सिंह, राजू सिंह, सागर विश्वकर्मा, निशांत सिंह गोल्डी, दिगम्बर यादव, शानू कश्यप, अर्जुन राजवाड़े, रामप्रसाद राजवाड़े, आदित्य सिंह, सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय आविष्कार अभियान, छात्रों का भोपाल शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन के निर्देशानुसार कोरिया जिले के विज्ञान विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 प्रतिभाशाली छात्रों को राज्य के बाहर 30 से 31 दिसंबर तक दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर भोपाल ले जाया गया। इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा एवं नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

इस भ्रमण में मार्गदर्शक शिक्षक कमल डडसेना, व्याख्याता सेजेस चरचा एवं बृजलाल दीवान, शिक्षक माध्यमिक शाला बासनपारा ने विद्यार्थियों का नेतृत्व किया। भ्रमण के पहले दिन छात्रों को क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र भोपाल ले जाया गया, जहां विद्यार्थियों ने विज्ञान की विभिन्न शाखाओं से संबंधित लगभग 100 से अधिक वैज्ञानिक मॉडल का गहन अवलोकन किया। मार्गदर्शक शिक्षक कमल डडसेना ने प्रत्येक मॉडल से जुड़े नियम, सिद्धांत एवं उनकी व्यावहारिक उपयोगिता को सरल भाषा में समझाया,इससे छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान हुआ और उनमें विज्ञान के प्रति और अधिक रुचि विकसित हुई। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे प्राप्त ज्ञान का उपयोग अपने विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में करें। भ्रमण के दूसरे एवं अंतिम दिन छात्रों को मानव संग्रहालय भोपाल ले जाया गया, जहां मानव की उत्पत्ति, विकास एवं सभ्यता से संबंधित विभिन्न मॉडल प्रदर्शित किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों को डार्विन के विकासवाद सिद्धांत से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी दी गई, जिससे उन्हें मानव विकास की वैज्ञानिक समझ प्राप्त हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल में स्थित गणित लैब का भ्रमण किया। यहां गणित के जटिल से जटिल सिद्धांतों को मॉडल एवं प्रयोगों के माध्यम से सरल और रोचक तरीके से समझाया गया। छात्रों ने यह जाना कि उच्च शिक्षा स्तर पर भी गणित को व्यावहारिक प्रयोगों के माध्यम से सहज बनाया जाता है। भ्रमण के समापन अवसर पर मार्गदर्शक शिक्षक कमल डडसेना ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे जिले के समस्त विद्यालयों में साइंस लर्निंग सेंटर के निर्माण एवं संचालन में सहयोग करें।

## कीट एवं खरपतवार से बचाव के लिए किसानों को दी सलाह

**सूरजपुर**। जिले के अधिकांश गांव में गेहूं की बुवाई लगभग पूरी हो चुकी है। इस बीच कई जगहों पर गेहूं की फसल में कीट, रोग एवं खरपतवार की समस्या सामने आ रही है। जिससे किसानों की मेहनत और उत्पादन पर असर पड़ सकता है। कृषि विभाग द्वारा किसानो को गेहूं फसल को किट व्यधियों से बचाने के संबंध में समसामयिक सलाह जारी किया गया है। देरी से बोई गई फसलों में दीमक अधिक सक्रिय होती है। यह फसल को नुकसान पहुंचाकर उत्पादन घटा सकती है। गेहूं की फसल में कीटों से बचाव के लिए बीज उपचार अत्यंत प्रभावी उपाय है। पर बोई गई फसली में दीमक का आक्रमण दिखे तो सिंचाई करना फायदेमंद है। गुलाबी तना छेदक कीट कम जुताई वाले खेतों में अधिक पाया जाता है। कीट दिखाई देते ही छिड़काव करें।

## पनिका समाज की ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



विकासखंड सोनहत अंतर्गत ग्राम पुसला में बीते 28 दिसंबर को पनिका समाज की ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला गठन के बाद सोनहत ब्लॉक की गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक केदौरान सोनहत ब्लॉक अध्यक्ष शिवचरण चिकनजूरी द्वारा जिला स्तरीय बैठकों में लगातार अनुपस्थिति को लेकर समीक्षा की गई तथा सोनहत ब्लॉक में एक बड़े सम्मेलन के आयोजन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष ने समाज के समक्ष आश्वस्त किया कि आगामी जिला कमेटी की बैठक में वे अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे तथा जिला स्तर पर लिए गए सभी निर्णयों का पालन किया जाएगा।

समीक्षा बैठक में यह विषय भी सामने आया कि जिला कार्यकारिणी की अनुमति व सूचना के बिना समाज के कुछ लोग स्वयं को संरक्षक व कार्यवाहक जिला अध्यक्ष बताकर समाज को दो गुटों में बांटने एवं समाजजन को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। इस विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए आगामी जिला स्तरीय बैठक में संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई किए जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक के अंत में जिलाध्यक्ष राजाराम जाता ने उपस्थित समाजजन को संबोधित करते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि किसी भी परिस्थिति में पनिका समाज को विभाजित नहीं होने दिया जाएगा और समाज की एकता सर्वोपरि रहेगी। बैठक में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष विजेन्द्र सोनवानी, जिला उपाध्यक्ष राजू गोयनकर, जिला महासचिव विजेन्द्र मानिकपुरी, मायाराम, उचितराम वरिष्ठ सदस्य, ब्लॉक सचिव बिशुनपुर चरचा राधेश्याम, ब्लॉक अध्यक्ष सोनहत शिवचरण चिकनजूरी, ब्लॉक सचिव सोनहत शुकुल प्रसाद मरई सहित रवि पंडवार, दलवीर प्रसाद, रवि प्रसाद चिकनजूरी, बसंत लाल, रामसूरत, प्रयास कुमार, भोलाराम, सेन प्रताप, संतोष कुमार, नोहर लाल, कमल साईं, सुरेश कुमार, कोमल दास, भोले कुमार, वेदांती प्रसाद, ओमप्रकाश पंडवार, रामकुमार बघेल, मुंगलाल पंडवार, गौरीशंकर पंडवार, शिवचरण तंजे, मनराखन, रामकुमार बाजर, कृष्ण कुमार, मोतीलाल खंडे, उमाशंकर, वंश जीवन, नोखेलाल सहित काफी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## सांसद की अध्यक्षता में हुई जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक



**भैयाथान**। सांसद चिंतामणि महाराज की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन जनपद पंचायत भैयाथान के सभाकक्ष में किया गया। बैठक में सांसद ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान सांसद महाराज ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिन आवासों में विवाद के कारण कार्य लंबित है, उनका प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण किया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। बैठक में जनपद सीईओ विनय गुप्ता ने जानकारी दी कि अटल डिजिटल सेवा केंद्र का संचालन जनपद की 78 ग्राम पंचायतों में से 60 पंचायतों में प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने बताया कि पेंशन एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन वितरण व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है, जिससे कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ग्राम पंचायत रजनी एवं किशोरनगर में नल से जल प्रदाय व्यवस्था पूर्ण रूप से संचालित हो रही है, जबकि शेष ग्राम पंचायतों में कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं वन विभाग की समीक्षा के दौरान यूकेलिप्टस की आड़ में अन्य इमारती लकड़ी की अवैध ढुलाई पर कड़ी आपत्ति जताते हुए सांसद ने संबंधित वन मंडलाधिकारी को प्रकरण की गंभीर जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, राजेश्वर तिवारी, एसडीएम चांदनी कंवर, तहसीलदार उमेश कुशवाहा, शिवनारायण राठिया, प्रियंका टोप्पो, बीईओ फूलसाय , बीआरसी सुरेंद्र दुबे, एबीईओ घनश्याम सिंह, थाना प्रभारी नसीमउद्दीन अंसारी, बीएमओ डॉ. राकेश सिंह, ओपी तिवारी, अमित ताम्रकार व अन्य उपस्थित रहे।

## पक्के शेड की सुविधा से बकरी पालन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

वनांचल में रहने वाले परिवारों के लिए बकरी पालन एक पारंपरिक कार्य रहा है। इस कार्य में उन्हें मिलने वाली एक मदद उनके आजीविका में सुधार का एक बड़ा कदम साबित हो रही है।

कोरिया जिले के सोनहत जनपद पंचायत मुख्यालय ग्राम में रहने वाले श्री रामलाल के लिए मनरेगा योजना के बने पक्के बकरी पालन शेड ने अब सब कुछ बदल दिया है। वह अब एक उन्नत बकरी पालक बनकर बड़ी संख्या में बकरी पालन कर रहे हैं। इस परंपरागत कार्य में अब उनका पूरा परिवार लगा हुआ है और हर दो-तीन माह बाद एक अच्छी आय होने से अब उन्हें रोजगार की कोई चिंता नहीं रह गई है। सोनहत में रहने वाले किसान रामलाल बताते हैं कि पहले उनका अपना कच्चा मकान था और मकान के एक हिस्से में अपने लाभ के लिए कुछ बकरियों को रखते थे, लेकिन मौसमी बदलाव में बकरियों को पालना बेहद कठिन था और अक्सर उन्हें नुकसान उठाना पड़ता था। गांव में ही एक किसान के पक्के बकरी शेड से प्रभावित होकर उन्होंने अपने लिए एक पक्के बकरी पालन शेड की मांग रखी। ग्राम पंचायत द्वारा उनके आवेदन को अनुशंसित किया गया, जिससे महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत उनके लिए एक पक्के बकरी पालन शेड की स्वीकृति हुई। 1 लाख 25 हजार रूपए की लागत से ग्राम पंचायत द्वारा रामलाल के लिए एक पक्का बकरी शेड समय पर तैयार कर दिया गया। अब रामलाल के जीवन में रोजगार की चिंता समाप्त हो गई है।

## विक्षोभ के प्रभाव से हो सकती है बूंदाबादी, तीन दिनों बाद कोहरे के साथ पड़ेगी कड़ाके की ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ पारा में वृद्धि होने से ठंड से राहत

उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से ठंड से कुछ राहत है। न्यूनतम पारा में वृद्धि होने के साथ ही आसमान पर मध्यम ऊंचाई के बादलों की आवाजाही भी शुरू हो गई है। मौसम विज्ञानी विक्षोभ के प्रभाव से कहीं-कहीं बूंदाबादी होने एवं विक्षोभ के कमजोर पड़ते ही फिर से शीतलहर का प्रकोप होने की संभावना जता रहे हैं।

उत्तर भारत में एक के बाद एक लगातार पछुआ विक्षोभ सक्रिय हो रहे हैं लेकिन पहली बार ठंड में ताकतवर विक्षोभ सक्रिय हुआ है जिसका सरगुजा में व्यापक असर देखा जा रहा है। उत्तर भारत में विक्षोभ के सक्रिय होने के साथ ही पिछले तीन दिनों से न्यूनतम पारा में क्रमशः वृद्धि हो रही है। पारा में हुई वृद्धि जनवरी के प्रारंभ में ही बसंत ऋतु के आगमन का भ्रम पैदा कर रही है। मौसम विभाग द्वारा शुक्रवार को न्यूनतम पारा 8.3 डिग्री जबक अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। शनिवार को बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही न्यूनतम पारा मं आंशिक वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार को कहीं-कहीं बूंदाबादी होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश में एवं आसपास के वायुमंडल में 3.1 मिमी की ऊंचाई पर एक पछुआ विक्षोभ चक्रवाती परिसंचरण एवं इससे प्रेरित 5.8 किमी की ऊंचाई के क्षोभमंडल तक एक द्रोणिका प्रभावी है। बांग्लादेश एवं उप हिमालयी पश्चिम बंगाल में भी एक चक्रवाती परिसंचरण प्रभावी है। मौसम में आए बदलाव से छत्तीसगढ़ में बादलों की आवाजाही बढ़ी है।

### धान को होगा नुकसान

धीमी गति से उठाव होने के कारण सहकारी समितियों में करोड़ों का धान जाम है। संग्रहित धान को खुले आसमान के नीचे रखा गया है। बूंदाबादी होने से संग्रहित धान के भींगने की संभावना है। शीतलहर शुरू होने पर फिर से घना कोहरा छाने एवं शीत गिरने की संभावना जताई जा रही है। घने कोहरे से आवागमन पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा वहीं शीत की बूंदे एवं वातावरण की नमी खुले आसमान के नीचे रखे गए धान को प्रभावित करेगी।







